अमर उजाला 07/12/2023

जिम्नास्टिक में छात्रों ने जीता स्वर्ण

छावनी के गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज ने जमाई धाक

संवाद न्यूज एजेंसी

अंबाला। जीएमएन कॉलेज के विद्यार्थियों ने जिमनास्टिक प्रतियोगिता में कई पदक जीते। प्रतियोगिता का आयोजन अंबाला के वार हीरोज स्टेडियम में हुआ।

तीन दिन तक चली प्रतियोगिताओं में जीएमएन कॉलेज के तीन विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इसमें रुचि भट्ट ऑल राउंड सेकंड जिमनास्टिक बनी। उसने फ्लोर पर रजत और वॉलेट पर स्वर्ण पदक प्राप्त किया।

संयुक्त टीम का पदक रजत रहा। इसी प्रकार पुरुष वर्ग में टीम का पदक स्वर्ण रहा और जितेंद्र ऑलराउंड सेकंड जिम्नास्ट बने। उसने पैरेलल बार पर स्वर्ण पदक व हाई बार पर कांस्य पदक प्राप्त किया। चिराग ने टीम का स्वर्ण और फ्लोर पर रजत पदक प्राप्त किया। टीम की सफलता पर प्राचार्य डॉ रोहित दत्त ने सभी खिलाड़ियों के बेहतर प्रदर्शन पर बधाई दी। शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. बृजेश और प्रो. रुपाली ने खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की।



कॉलेज प्राचार्य के साथ विजेता खिलाड़ी और विभागाध्यक्ष। संस्था